प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

07.03.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15.00 बजे

जनऔषधि दिवस

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि जन औषधि दिवस लोगों को उच्च गुणवत्ता और सस्ती दवाएं उपलब्ध कराने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि यह दिवस स्वस्थ और फिट इंडिया का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण दवाएं अब देश के हर कोने तक पहुंच रही हैं और जन औषधि मॉडल अब दुनिया को प्रेरित कर रहा है। इस बीच केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना, अच्छी भी, सस्ती भी मंत्र के साथ सभी के लिए स्वास्थ्य सेवा में क्रांतिकारी बदलाव ला रही है। जन औषधि दिवस पर जे.पी. नड्डा ने कहा कि देश में 15 हजार से अधिक जन औषधि केंद्र, प्रतिदिन दस लाख लोगों की सेवा कर रहे हैं। इन केंद्रों पर उपलब्ध दवाइयाँ पर 50 से 90 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना के दौर का उल्लेख करते हुए कहा कि यह पहल यह सुनिश्चित करती है कि प्रत्येक भारतीय को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं मिलें।

विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि प्रदेश के 6 जिलों में 10 ग्रामीण सड़क परियोजनाओं के लिए आरआईडीएफ के तहत एक सौ 9 करोड़ 3 लाख रुपये की धनराशि को स्वीकृति प्रदान की गई। शिमला में आज परियोजना आंतरिक स्वीकृति समिति की बैठक में उन्होंने कहा कि यह परियोजनाएं ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर सड़क और परिवहन सुविधाएं प्रदान करने में सहायक साबित होंगी, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोग लाभान्वित होंगे। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य का समग्र विकास सुनिश्चित करने की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में अधोसंरचना को मजबूत करने के लिए सरकार प्रदेश की विकासात्मक आवश्यकताओं को निरंतर सक्रिय रूप से केंद्र के समक्ष रख रही है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार के सतत प्रयासों से राज्य को विभिन्न परियोजनाओं के लिए अनुदान प्राप्त हो रहा है। लोक निर्माण मंत्री ने अधिकारियों को सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरा करने के बाद एक माह के भीतर निर्माण कार्य शुरू करने के निर्देश दिए।

महिला दिवस

राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा कल 8 मार्च को नई दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर अखिल भारतीय महिला अधिवक्ता सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया के. राहटकर ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य प्रगतिशील भारत के लिए महिलाओं की बढ़ी हुई भूमिका पर रणनीति बनाना होगा, जिसमें महिला वकील अग्रणी भूमिका निभाएंगी। दो दिन के सम्मेलन में देश के विभिन्न हिस्सों से करीब एक हजार अधिवक्ता भाग लेंगे। इधर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। महिला दिवस पर राज्य स्तरीय समारोह कल कांगड़ा जिला के शाहपुर में आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू समारोह की अध्यक्षता करेंगे और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित करेंगे।

विनाक्षी

उत्तराखण्ड के पिथौरागढ़ में 31 जनवरी से 7 फरवरी तक आयोजित 38वीं राष्ट्रीय प्रतियोगिता में किन्नौर जिले की मुक्केबाज विनाक्षी ने 57 भारवर्ग में रजत पदक जीत कर प्रदेश का नाम रोशन किया है। विनाक्षी ने इससे पहले भी राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की बॉक्सिंग प्रतियोगिताओं में गोल्ड व सिल्वर मैडल हासिल किए हैं। वे इन दिनों इंडिया कैम्प में विश्व स्तरीय प्रतियोगिताओं की तैयारी कर रहे हैं। विनाक्षी ने अपनी जीत का श्रेय अपने माता–पिता और कोच ओपिंदर नेगी को दिया है।